हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 29 अक्टूबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

उगते सूर्य को अर्घ्य देने साथ संपन्न हुई छठ पूजा, व्रतियों ने की सुख-समृद्धि की कामना
4



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने अधिकारियों को समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई के दिए निर्देश

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों और मांगों को गंभीरता से सुना। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। जनदर्शन में कुल 38 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में तहसील अकलतरा के ग्राम अमरताल निवासी श्रीमती ललिता देवी दिवाकर द्वारा मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता राशि दिलाने, तहसील सारागांव अंतर्गत ग्राम चोरिया निवासी गोपाल प्रसाद साहू द्वारा फौती नामांतरण करवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनदर्शन में राशन कार्ड बनवाने, सीमांकन कराने, पट्टा दिलाने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने सहित अन्य विषयों से संबंधित कुल 38 आवेदन प्राप्त हुए।

### विभिन्न जिलों में अनेक घटनाओं को अंजाम देने वाला ठग गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर चांपा सहित विभिन्न जिलों में ठग एवं चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



250 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालनें के बाद आरोपी की पहचान हुई है। इसके पूर्व भी कम दाम में छड सीमेंट दिलाने के नाम में ठगी व चोरी करने पर सभी मामलों में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी पंचराम निषाद उर्फ पंचू के खिलाफ जिला धमतरी थाना कोतवाली में चोरी और धोखाधड़ी के एक प्रकरण में गिरफ्तार हुआ था जो दिनांक 15.09.24 को जिला जेल में विचाराधीन बंदी था। इसी दौरान आरोपी पंचराम निषाद पेट दर्द होने पर एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया था, जहां से वह शौचालय में हथकड़ी खोलकर फरार हो गया। मामले में आरोपी के कब्जे से सोने चांदी के जेवरात, स्कूटी सहित लाखों का माल बरामद किया गया है। कार्यवाही में एएसपी उमेश कुमार कश्यप के नेतृत्व में प्रभारी सायबर सेल जांजगीर चाम्पा निरीक्षक सागर पाठक थाना प्रभारी नवागढ निरीक्षक अशोक वैष्णव, थाना प्रभारी बिर्रा निरीक्षक जय साहू, विवेक कुमार सिंह, विवेक सिंह, मनोज तिग्गा, गिरीश कश्यप, प्रदीप दुबे, रोहित कहरा, शाहबाज अहमद, माखन साहू का योगदान रहा।

### प्री पेड ऑटो बूथ कबाड़ में तब्दील, यात्रियों को नहीं मिल रही सुविधा

**जांजगीर-चांपा।** यात्रियों की सुविधा के लिए खोले गए प्री पेड ऑटो बूथ का संचालन सालभर में ही बंद हो गया है। अब ये ऑटो बूथ महज शो पीस बनकर रह गए हैं। इसके साथ ही आटो बूथ कबाड़ में तब्दील होते जा रहे है। ऐसे में यात्रियों को अधिक किराया देकर ऑटो से सफर करना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय जांजगीर के रेलवे स्टेशन और कचहरी चौक में यात्रियों की सुविधा के लिए साल 2018 में प्री पेड ऑटो बूथ खोले गए। इन बूथों के संचालन की जिम्मेदारी यातायात विभाग को दी गई। ।

### स्थानीय अवकाश : बलिदान दिवस को लेकर कलेक्टर ने दिया आदेश

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे द्वारा कैलेण्डर वर्ष 2025 के लिए समस्त शासकीय कार्यालयों के लिए पूर्व में जारी सार्वजनिक अवकाश आदेश में आंशिक संशोधन किया है। शहीद वीरनारायण सिंह बलिदान दिवस 10 दिसम्बर बुधवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। उपरोक्त स्थानीय अवकाश बैंकों, कोषालय, उपकोषालय के लिए लागू नहीं होगा।

## मौसम का कहर फसलों पर...





बहीराडीह। मोंथा चक्रवात के कारण हो रही बेमौसम बारिश ने धान की फसलों पर कहर बरपा दिया है, जहां फसलों में बालियां आने लगी है। वहां बारिश और अंधड से फसलें पूरी तरह से सो गई है। इससे किसानों को भारी नुकसान होने की बात कही जा रही है। मौसम के इस बदले मिजाज से ऐनवक्त में हो रही फसलों के नुकसानी में किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

### समिति, च्वाईस सेंटर और तहसील का चक्कर लगाते भटक रहे किसान

# एग्री स्टेक पंजीयन बना परेशानी का सबब, खसरा अपूर्ण, धान बिक्री का रकबा घटने का संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

समर्थन मूल्य पर शुरू होने वालीधान खरीदी से पहले किसानों के लिए एग्री स्टेक पंजीयन अब सिरदर्द बन गया है। पंजीयन की प्रक्रिया जिले में भले ही लगभग पूर्णता की ओर है, लेकिन पोर्टल में तकनीकी गड़बड़ी और अधूरी प्रविष्टियों के कारण किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें गहरा गई हैं। दरअसल पंजीयन के बाद किसानों का अधिकांश खसरा गायब हो गया है, ऐसे में भी उक्त रकबा में धान बेचने से वंचित हो सकते हैं।अधिकांश किसानों का कहना है कि उनके नाम से जुड़े सभी खसरा नंबर एग्री स्टेक पोर्टल पर नहीं दिख रहे। किसी का एक या दो खसरा नंबर ही दिखाई दे रहा है, जबकि बाकी भूमि का विवरण गायब है। यह स्थिति किसानों के लिए बड़ी समस्या बनती जा रही है क्योंकि राज्य सरकार के निर्देशानुसार किसान उतने ही रकबे का धान बेच पाएंगे, जितना एग्री स्टेट पोर्टल में दर्ज है। यानी यदि किसान की तीन एकड़ भूमि है और पोर्टल में केवल एक एकड़ का पंजीयन हुआ है, तो वह शेष दो एकड़ में बोए धान को




बेचने से वंचित रह जाएगा। ऐसे में, खसरा अधूरा होने का सीधा असर किसानों की आमदनी पर पड़ सकता है।उल्लेखनीय है किराज्य शासन द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जाती है। लेकिन अपूर्ण पंजीयन के कारण किसानों का रकबा घट सकता है, जिससे उनकी पूरी उपज का विक्रय संभव नहीं होगा।

### जिले में स्थिति पर एक नजर

जिले में कुल 1 लाख 19 हजार 790 किसानों का समिति में पंजीयन हुआ है, जिनमें से 1 लाख 19 हजार 279 किसानों का एग्री स्टेक पोर्टल पर पंजीयन पूरा हो चुका है। मात्र 511 किसानों का पंजीयन शेष है। लेकिन चिंता की बात यह है कि पंजीकृत किसानों में से अनेक किसानों के खसरे अधूरे दर्ज हैं, जिसके चलते वे अपने संपूर्ण रकबे में धान बेचने से वंचित हो सकते हैं।किसानों का कहना है कि यदि विभाग समय रहते इन त्रुटियों को दूर नहीं करता, तो धान खरीदी के समय भारी भ्रम और नुकसान की स्थिति बन सकती है।

### शिथिल हो एग्री स्टेक का नियम

चेतना मंच के जिला संयोजक ठाकुर राजशेखर सिंह एवं सहसंयोजक संदीप तिवारी ने बताया कि एग्री स्टेट पंजाब में जिस तरह से समस्या आ रही है उसे देखते हुए शासन-प्रशासन से मांग की है कि एग्री स्टेक पोर्टल की तकनीकी त्रुटियों को तत्काल सुधारा जाए और अंतिम तिथि को आगे बढ़ाया जाए, ताकि सभी किसानों का पूरा खसरा पंजीकृत हो सके। अन्यथा इस बार इस नियम को शिथिल किया जाए। उनका कहना है कि वे धान की फसल तैयार कर चुके हैं, ऐसे में अब पंजीयन में गड़बड़ी उनके परिश्रम पर पानी फेर सकती है।

### मात्र तीन दिन शेष, किसान परेशान

पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। अब केवल तीन दिन शेष रहने के कारण किसान परेशान हैं, क्योंकि सुधार के लिए समय बहुत कम बचा है। कई किसान समितियों और चॉइस सेंटर के चक्कर लगा रहे हैं, ताकि उनके सभी खसरे पोर्टल पर जुड़ सकें। यहां भी समस्या का समाधान नहीं होने पर उन्हें पटवारी और तहसील कार्यालय भेज दिया जाता है।

### चल रहा पंजीयन कार्य

1 लाख 19 हजार 279 किसानों का एग्री स्टेक पंजीयन कार्य हो चुका है। अभी 511 किसानों का पंजीयन बाकी है जल्द पंजीयन कार्य पूरा करने निर्देशित किया गया है। इस दिशा में पहल की जा रही है।

-विनय पटेल,
अधीक्षक भू अभिलेख, जांजगीर चांपा

# स्कार्पियो जा गिरी नहर में, दो की मौत चार लोग गंभीर रूप से घायल

### मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम पोता की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा



नहर में गिरी स्कार्पियो

तेज रप्तार स्कार्पियो अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी घटना में वाहन चालक सहित दो लोगो की मौत हो गई। वही 4 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सक्ती के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम पोता की है।

इस संबंध में मालखरौदा पुलिस से मिली जानकारी घटना सोमवार 27 अक्टूबर रात 12 बजे की है। कोरबा से एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद स्कार्पियो सवार 6 लोग अपने गांव कुसमुल लौट रहे थे। वे अभी मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम पोता पहुंचे थे। इस दौरान वाहन के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया। वही घटना में स्कार्पियो वाहन अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। वाहन में सवार सभी 6 लोगो को गंभीर चोटे आई। वही घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस प्रशासन एवं 108 एंबुलेंस की मदद से घायल लोगो को उपचार के लिए सक्ती के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान वाहन चालक एवं एक नाबालिग बालक की मौत हो गई। बाकी के 4 घायलो का उपचार अस्पताल में किया जा रहा है। मृतको के शव का पंचनामा उपरांत पीएम की कार्यवाही के लिए भेजा गया।

## दुकान में काम करने वाले दो कर्मी ही निकले चोर, खरीददार सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**चांपा।** पुलिस ने दो शातिर चोर एवं एक खरीददार सहित कुल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दो आरोपी दुकान में ही काम करने वाले कर्मचारी निकले। पुलिस ने चोरी गया एक बंडल कॉपर वायर एवं एक लाख तेरह हजार रुपए नगदी रकम जब्त की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विनोद गैस एजेंसी के संचालक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि दुकान से लगातार कॉपर वायर के बंडल चोरी हो रहे है। पुलिस ने दुकान एवं आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जिसमें एक कर्मचारी संदिग्ध गतिविधि करते और कॉपर वायर चुराते हुए दिखाई दिया। इस पर पुलिस ने तकनीकी एवं साक्ष्य आधारित पूछताछ की जिस पर उसने दुकान में काम करने वाले एक साथी के साथ मिलकर कुल 5 बंडल कॉपर वायर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों ने चोरी का माल विश्वेश्वरैया द्वार के पास स्थित मंगलम ट्रेडर्स के संचालक नरेन्द्र शर्मा को बेचना बताया। इस पर पुलिस ने छापेमारी कर एक बंडल कॉपर वायर और एक लाख नौ हजार रुपए बरामद किए।

## नजर नहीं आ रहा तेंदुआ, सर्चिंग टीम कर रही तलाश

**जांजगीर-चांपा।** अटल बिहारी वाजपेई ताप विद्युत परियोजना मड़वा पावर प्लांट क्षेत्र में तेंदुए की धमक से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। वन विभाग की टीम लगातार दूसरे दिन भी निगरानी में जुटी रही।

उप वनमंडलाधिकारी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने पूरे दिन सर्चिंग ऑपरेशन चलाया और तेंदुए के मूवमेंट के संकेतों की तलाश में आसपास के जंगलों और झाड़ियों में गश्त की। वन विभाग की टीम ने स्थानीय ग्रामीणों और प्लांट क्षेत्र के कर्मचारियों को सतर्क रहने की सलाह दी है। ग्रामीणों को विशेष रूप से रात्रि के समय अनावश्यक बाहर न निकलने और बच्चों एवं मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर रखने के निर्देश दिए गए



हैं। सूत्रों के अनुसार, प्लांट क्षेत्र में लगे कैमरा ट्रैप और निगरानी दल की रिपोर्ट से तेंदुए की उपस्थिति की पुष्टि हुई है। वन अमला हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखे हुए है। विभाग का कहना है कि सर्चिंग कर रहे है। फिलहाल तेंदुआ के होने की कोई संकेत अभी तक नहीं मिले है। लोगों को सतर्क किया गया है।

## बेखौफ हो रहा बेजाकब्जा, जेसीबी लगाकर बना रहे खेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

मनरेगा से बने रोड को जेसीबी के माध्यम से खेत बनाकर अवैध तरीके से अतिक्रमण किया जा रहा है। मामला नगर पंचायत बम्हनीडीह का है।

मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत बम्हनीडीह में अवैध कब्जों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा ताज़ा मामला नगर के पटेल मुहल्ले से बिजली ऑफिस रोड का



बेजाकब्जा कर बना रहे खेत।

है, जहां एक व्यक्ति द्वारा सड़क पर जेसीबी लगाकर खेत बनाने का है। मनरेगा से बने रोड को खेत बनाने से जिससे आने जाने वाले को काफी परेशानी होगी। इस गैरकानूनी कब्जा को लेकर जब नगरवासियों ने आपत्ति जताई तो मौके पर पहुंचे तहसीलदार अविनाश चौहान ने तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करते हुए काम पर रोक लगाया था। नागरिकों ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत के सीएमओ की अनदेखी के कारण नगर में आए दिन अवैध कब्जे होते रहते हैं। इस मामले को लेकर तहसीलदार अविनाश चौहान का कहना है कि जल्द जमीन का सीमांकन कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### सड़कों से आवारा मवेशियो को हटाने कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के दिए निर्देश

# प्रशासन भी सख्त, सरकारी अधिकारी कर्मचारियों के लिए हेलमेट व सीट बेल्ट अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शासकीय संस्थानों में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों के लिए वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही कलेक्टर ने विभिन्न विकास कार्यो के प्रगति की समीक्षा की।



कलेक्टर जन्मेजय महोबे कलेक्टर ने मंगलवार 28 अक्टूबर को समय सीमा की बैठक ली। उन्होंने कहा कि शासकीय हाई स्कूल मैदान जांजगीर में 2 से 4 नवम्बर तक आयोजित होने वाले छत्तीसगढ़ राज्योत्सव कार्यक्रम में संस्कृति, विकास और जनभागीदारी का प्रतीक होगा। राज्योत्सव के अवसर पर विभिन्न विभागों के जनकल्याणकारी स्टॉल लगाए जाएंगे, जहाँ नागरिकों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के फॉर्म भरने की सुविधा, कृषि विभाग द्वारा फसल चक्र परिवर्तन, आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण, वयवंदना योजना एवं शासन की अन्य प्रमुख योजनाओं की जानकारी और आवेदन एवं लाभ की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी। कलेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित प्रत्येक स्टॉल को आकर्षक, शिक्षाप्रद और जनहितकारी स्वरूप में तैयार किया जाए ताकि नागरिक सीधे लाभ प्राप्त कर सकें। कलेक्टर ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सख्त रुख अपनाएगा। सभी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए हेलमेट एवं सीट बेल्ट पहनना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट दोपहिया व बिना सीट बेल्ट के 4 व्हीलर वाहन चलाते पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री, भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित "एकता मार्च" जिले के लिए गौरव का अवसर है। इस आयोजन के तहत सभी विद्यालयों, कॉलेजो में सरदार पटेल का जीवन एवं योगदान विषय पर वाद-विवाद, निबंध लेखन प्रतियोगिता, स्वच्छता अभियान और आत्मनिर्भर भारत की शपथ कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री महोबे ने राज्योत्सव, एकता मार्च और स्वच्छता अभियान के आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने सड़कों से आवारा मवेशियो को हटाने स्थाई समाधान हेतु कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने स्वच्छता अभियान की समीक्षा करते हुए बताया कि जिले में 15 अक्टूबर से 19 नवम्बर तक विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता अभियान को जनसहभागिता से सफल बनाए जाने के निर्देश दिए।

# सक्ती जिले में नए पुलिस कप्तान ठाकुर ने लिया चार्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने जिले का पदभार ग्रहण कर लिया है। सक्ती जिले मे नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर द्वारा जेठा स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण किया।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचने पर सर्वप्रथम उनको गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, तत्पश्चात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती अंजलि गुप्ता, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चंद्रपुर सुमित गुप्ता, रक्षित निरीक्षक उमेश राय एवं निरीक्षक वाय.एन.शर्मा तथा जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियो द्वारा पुष्पगुच्छ देकर नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर का स्वागत किया गया। समस्त थाना व चौकी प्रभारी अपने थाने की साफ सफाई एवं रिकॉर्ड संधारण मे विशेष ध्यान देने तथा स्टाफ के अनशासन एवं उनके वेलफेयर का भी ध्यान दे। बैठक उपरांत पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने कलेक्टर अमृत विकास तोपनो एवं लोकसभा जांजगीर की सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े से सौजन्य भेंट किये।

## खबर संक्षेप



### जू-जित्सु राज्य स्तरीय जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने जीते गोल्ड व रजत

**कोरबा।** डोंगरगढ़ स्पोर्ट्स हॉल में आयोजित जू-जित्सु राज्य स्तरीय जूनियर वर्ग चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में जिले से दो खिलाड़ियों का चयन हुआ था। जिनमें देवराज गोगोई ने वाज़ा वर्ग में स्वर्ण पदक तथा फाइटिंग वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि नयन साहू ने फाइटिंग वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय जू-जित्सु चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जो कि 19 से 23 दिसंबर तक आईजीआई स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स हल्द्वानी उत्तराखंड में आयोजित होगी। दोनों खिलाड़ी लेवल अप एमएमए अकादमी निहारिका, बालको एवं सिटी सेंटर मॉल से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं तथा एनआईएस कोच प्रेमराज बंजारे, स्नेहा बंजारे और देवाशीष कश्यप के मार्गदर्शन में निरंतर अभ्यासरत हैं।

### आदर्शनगर कुसमुंडा में साइकिल रैली का हुआ आयोजन



**गेवरा दीपका।** कुसमुंडा के आदर्श नगर इंदिरा स्टेडियम में विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने पर्यावरण सुरक्षा के उद्देश्य से फिट इंडिया के तहत साइकिल रैली का आयोजन एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र द्वारा किया गया। क्रमिक प्रबंधक वीरेंद्र कुमार एवं प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। स्कूल परिसर से लेकर निर्धारित मार्ग तक निश्चित दूरी को तय करते हुए न केवल अपने शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिसमें केंद्रीय विद्यालय के बच्चों और डीएवी स्कूल के छात्रों ने हिस्सा लिया। क्रमिक प्रबंधक वीरेंद्र कुमार ने कहा कि साइकिल रैली का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की शुद्धता के प्रति जागरूकता लाना है। साइकिल चलाने से न केवल हमारा स्वास्थ्य अच्छा रहेगा बल्कि पर्यावरण का प्रदूषण भी कम होगा।

### विधायक ने किया विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन



**बांकीमोंगरा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अन्तर्गत कई वार्डों में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल, बांकीमोंगरा पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा उपस्थित थे। वहीं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य पालिका श्रीमती ज्योत्सना टोप्पो थे। वार्ड क्रमांक 13 कटाईनार के शा. हायर सेकेण्डरी स्कूल में सायकल स्टेंड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 12 गजरा में जुगल घर से मनोज साहु घर तक आरसीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। इसके बाद वार्ड क्रमांक 3 में पालिका परिषद में नया भवन, शास. उच्च माध्यमिक शाला मोंगरा रसायन कक्ष निर्माण कार्य, जीव विज्ञान प्रयोगशाला कक्ष निर्माण कार्य, अटल टिकरिंग लैब रुम निर्माण कार्य, कला एवं संस्कृति कक्ष निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने कहा कि जिन कार्यों का भूमिपूजन हुआ है, वे क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही जरुरतों को पूरा करेंगे। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि यह विकास कार्य बांकीमोंगरा के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। हमारा उद्देश्य है कि क्षेत्र के हर नागरिक को अच्छी सड़क, बेहतर सुविधाएं और अन्य आवश्यक सुविधाएं मिलें।

### जिले में कुल 2 लाख 7 हजार 323 उपभोक्ताओं के घरों में लगना है स्मार्ट मीटर

# आपूर्ति का बना हुआ है टोटा, डेढ़ साल में आधे उपभोक्ताओं के घरों में ही लग सका स्मार्ट मीटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिजली चोरी रोकने के लिए विद्युत वितरण विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने की योजना बनाई गई है जिसके लिए जिले में लगभग डेढ़ साल से मीटर लगाने का काम चल रहा है लेकिन समय पर पर्याप्त मीटर नहीं मिल पाने व ग्रामीण क्षेत्रों में विरोध की वजह से मीटर लगाने की रफ्तार में तेजी नहीं आ पा रही है। इससे विद्युत विभाग के अधिकारियों का टेंशन बढ़ता जा रहा है। दो साल का डेड लाइन अप्रैल में खत्म होने वाला है। ऐसे में तय समय के भीतर काम पूरा हो पाना संभव नजर नहीं आ रहा है। जिले में अब तक आधे उपभोक्ताओं के घरों में भी स्मार्ट मीटर नहीं लग पाया है।

**खास बात**

- शहर के तीनों जोन में सबसे अधिक 38 हजार 829 उपभोक्ताओं के घरों में लग पाया है मीटर

उल्लेखनीय है कि बढ़ती बिजली चोरी को रोकने के लिए विद्युत वितरण विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने की योजना बनाई गई है। स्मार्ट मीटर लगाने की दिशा पर ठेका कंपनी द्वारा काम शुरू कर दिया गया है। जिले में लगभग 85 हजार 721 उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाया गया है। सबसे अधिक अब तक शहरी क्षेत्र के पाड़ीमार, तुलसीनगर जोन के अंतर्गत आने वाले 72 हजार 180 उपभोक्ता में से मात्र 38 हजार 829 उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाया गया है। जीनस कंपनी को स्मार्ट मीटर लगाने का काम दिया गया है जिले में कुल 2 लाख 7 हजार 323 उपभोक्ता में से 85 हजार 721 उपभोक्ताओं के घरों में ही अब तक स्मार्ट मीटर लग पाया है। सवा लाख से भी अधिक उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर नहीं पहुंच पाया है जबकि अप्रेल का महीना समाप्त होने में मात्र 6 महीना ही बचा है ऐसे में तय समय के भीतर मीटर लग पाना संभव नहीं है।



फाइल फोटो

**40 फीसदी उपभोक्ताओं के घर में लग पाया है मीटर**

शहर के तीनों जोन में मात्र 40 फीसदी उपभोक्ताओं के घरों में ही स्मार्ट मीटर लग पाया है। ठेका कंपनी को मीटर लगाने की रफ्तार को बढ़ाने के लिए निर्देशित किया गया है। अप्रैल 2025 में कंपनी का टाइमलाइन पूरा हो रहा है।

-रौशन लाल वर्मा, डीई, शहर कोरबा

**क्या होता है स्मार्ट प्रीपेड मीटर**

स्मार्ट प्रीपेड मीटर से यह होगा कि उपभोक्ता जितने रुपये का रिचार्ज करवाएंगे, उतनी ही बिजली का इस्तेमाल कर पाएंगे। ये मीटर अत्याधुनिक तकनीक से लैस होंगे। घरों में इस मीटर के लगाए जाने के बाद बाइपास बिजली, मीटर से छेड़छाड़ कर बिजली चोरी से जुड़े कार्य नहीं किए जा सकेंगे। यदि कोई उपभोक्ता ऐसा करने का प्रयास भी करेगा तो मीटर से सीधे इससे संबंधित मेसेज विभाग के कंट्रोल रूम को मिल जाएगा। स्मार्ट प्रीपेड मीटर से उपभोक्ता बिजली का लाभ ठीक वैसे ही उठाएंगे, जैसे मोबाइल रिचार्ज कराकर बातचीत करने या इंटरनेट सेवा का लाभ उठाते हैं। ये मीटर उपभोक्ताओं के सीधे मोबाइल से जुड़ा होगा। उपभोक्ता को प्रतिदिन इसकी जानकारी होती रहेगी कि वह कितने यूनिट व कितने रुपये की बिजली इस्तेमाल कर चुके हैं।

**कहां कितना लगा मीटर**

| जोन | उपभोक्ता | इंस्टॉल हुआ |
|---|---|---|
| चैतमा | 9925 | 3628 |
| दर्री ग्रामीण | 4231 | 364 |
| पोड़ी | 4595 | 02 |
| पसान | 7049 | 274 |
| कोरबी | 7470 | 2198 |
| हसदेव बांगो | 8085 | 2723 |
| जेई डीसी छुरी | 6228 | 491 |
| कटघोरा ग्रामीण | 10696 | 8230 |
| कटघोरा शहरी | 7374 | 2708 |
| पाली | 8245 | 4822 |
| दर्री | 21214 | 12917 |
| पाड़ीमार | 28540 | 15493 |
| तुलसीनगर | 22426 | 10419 |
| बरपाली | 8007 | 2608 |
| भैसमा | 14425 | 4278 |
| दीपका | 2793 | 5813 |
| रामपुर | 3955 | 02 |
| सोहागपुर | 7652 | 02 |
| हरदीबाजार | 8476 | 2565 |
| जेई डीसी भिलाईबाजार | 8224 | 3006 |
| करतला | 7713 | 3178 |
| कुल | 207323 | 85721 |

# नोनबिर्रा डेम में बैठकर चल रहा था नशे का खेल, चार गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नशीली टेबलेट का अवैध कारोबार करने वाले चार युवकों ने पुलिस ने रंगेहाथों धरदबोचा है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने लगभग 998 नग नशीली टेबलेट का जखीरा बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

**खास बातें**

- करतला पुलिस ने मारा था छापा, 998 नग नशीली टेबलेट जब्त
- टेबलेट बेचते हुए चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ विशेष मुहीम चलाई जा रही है। इस कड़ी में करतला थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा को मुखबीर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग नोनबिर्रा डेम के पास डेम जाने वाली कच्ची मार्ग पर एक मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 बीआर 0660 हीरो ग्रे कलर खड़ा कर अवैध नशीली टेबलेट को बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश दी जहां पुलिस ने नोनबिर्रा निवासी साहिल उर्फ बॉबी उम्र 20 वर्ष पिता जुम्मन खान, ग्राम सिलयारीभांठा निवासी राजू चौहान उम्र 38 वर्ष पिता समार सिंह चौहान, ग्राम गिरारी निवासी इकबाल अली उम्र 38 वर्ष पिता अकबर अली, ग्राम नोनबिर्रा निवासी सिराज खान उम्र 22 वर्ष पिता हुसैन खान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से लगभग 998 नग नशीली टेबलेट का जखीरा बरामद किया गया है।

# आवारा सांड का आतंक, स्कूली छात्र पर किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम क्षेत्र के कई वार्डों में श्वान एवं सांड का आतंक सिर चढ़कर बोल रहा है। सांड और श्वान के द्वारा राह चलते लोगों पर अचानक हमला कर दिया जाता है। कभी भी स्थिति भयावह हो जाती है। सांड के हमले से कई लोगों की जान तक चली जाती है। इसी तरह का एक मामला निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 14 अमरैयापारा में सामने आया है, जहां एक 12 वर्षीय छात्र पर सांड ने हमला कर दिया। पीड़ित छात्र का नाम अक्षय कुमार श्रीवास बताया गया है, जो कक्षा सातवीं का छात्र है।

**खास बात**

- सड़कों पर आवारा पशुओं का डेरा



घायल छात्र एवं सड़कों में मंडराते आवारा मवेशी।

जानकारी के अनुसार अक्षय कुमार घर से ट्यूशन जाने के लिए निकला था। रास्ते में अचानक एक सांड ने उस पर हमला कर दिया। सांड ने छात्र को अपने सींगों से उठाकर जोर से जमीन पर पटक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान छात्र की चीख-पुकार सुनकर आसपास के राहगीर मौके पर पहुंचे और किसी तरह बच्चे को सांड के चंगुल से बचाया। घायल अक्षय कुमार को तुरंत स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार छात्र को कमर और सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। वार्ड नंबर 14 के पूर्व पार्षद और वर्तमान पार्षद के पति टीकम राठौर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और नगर निगम अधिकारियों को इस मामले से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शहर में आवारा मवेशियों और सांडों का आतंक लगातार बढ़ रहा है, जिसके कारण कई हादसे हो चुके हैं। निगम को चाहिए कि वह इन मवेशियों को पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर भेजे।

### दो मकानों में चोरों का धावा, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** जिले के अलग अलग थाना क्षेत्र में चोरी की दो घटनाएं सामने आयी है जहां दोनों ही परिवार इलाज के लिए बाहर गए हुए थे। इस दौरान चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी रकम की चोरी कर ली है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत आईओसीएल चोरभट्ठी मोड़ मेन रोड निवासी महेत्तर लाल ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह मोटर सायकल गैरेज का संचालन करता है। वह 22 अक्टूबर को स्वयं का ईलाज कराने परिवार सहित रायपुर चला गया था। 25 अक्टूबर की सुबह गांव के पड़ोसी ने बताया कि उसके गैरेज का शटर खुला हुआ है। जब महेत्तर लाल रायपुर से कोरबा अपने गांव आया तो देखा कि उसके गैरज का सटर खुला हुआ था अंदर जाकर देखा तो एसबेसटस सीट का छत टूटा हुआ था। गैरेज और घर का सामान बिखरा हुआ था और अलमारी में रखा हुआ बच्चे का सोने का लॉकेट, गुल्लक में रखा हुआ नगद लगभग 25 हजार रुपए आदि चोरी कर ले गए।

# मृत किसानों का फर्जी हस्ताक्षर कर खाद की बिक्री, पूर्व प्रबंधक के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मोरगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अरसिया निवासी ठंडीलाल बिंझवार उम्र 48 वर्ष पिता शुकलाल ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ठंडीलाल बिंझवार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मोरगा में प्राधिकृत अधिकारी के पद पर पदस्थ है।

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मोरगा में कुल 4 कर्मचारी कार्यरत हैं जिसमें महेन्द्र शर्मा प्रभारी प्रबंधक एवं डाटा ऑपरेटर के दोनो पद पर इसके अलावा विक्रेता पवनसाय यादव, भगत सिंह राज, सूरज कुमार यादव कार्यरत हैं। जो समस्त कृपक मोरगा समिति एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा कलेक्टर के समक्ष आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मोरगा के प्रभारी प्रबंधक महेन्द्र शर्मा के विरूद्ध खरीफ वर्ष 2025-26 के दौरान खाद वितरण में गड़बड़ी एवं अनियमितता करने संबंधी शिकायत किया गया था। कलेक्टर कोरबा द्वारा महेन्द्र शर्मा के खिलाफ राजस्व एवं कृषि विभाग के 4 सदस्यीय संयुक्त जांच दल गठित किया गया, जिसमें नायब तहसीलदार पोंड़ीउपरोड़ा, प्रभारी वरिष्ठ ग्रामीण विकास अधिकारी पोंड़ीउपरोड़ा, राजस्व निरीक्षक व ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मोरगा शामिल थे, जो 4 सदस्यीय जांच दल द्वारा पूर्व प्रभारी प्रबंधक महेन्द्र शर्मा के विरूद्ध जांच किया गया है जिसमें महेन्द्र शर्मा के विरूद्ध 4 सदस्यीय जांच रिर्पोट में खाद वितरण पंजी, चिटठा अदाई पंजी में किसानों का हंस्ताक्षर लिये बगैर वितरण बताया जाना गया है। साथ ही 2 मृतक किसानों के नाम से फर्जी हस्ताक्षर कर खाद विक्री किया जाना पाया गया है। पूर्व प्रबंधक महेन्द्र शर्मा के द्वारा कुल खाद यूरिया-164 बोरी, डीएपी-44 बोरी, एनपीके 79 बोरी एवं पोटाश-8 बोरी जिसका शासकीय मूल्य 2 लाख 17 हजार 806 रूपए शासकीय संपति खाद का धोखाधड़ी कर गबन किया है। यह जांच दल द्वारा जांच पाया गया है। मामले की शिकायत के आधार पर पुलिस ने पूर्व प्रभारी प्रबंधक महेंद्र शर्मा के खिलाफ धारा 316 (2) के तहत मामले की जांच शुरु कर दी है।

### पास्टर व उसकी पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोढ़ी निवासी युवराज सिंह कुर्रे उम्र 25 वर्ष पिता राजेन्द्र कुमार कुर्रे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके घर में नर्मदा प्रसाद यादव जो स्वयं को पास्टर बताता है आया। नर्मदा ने युवराज सिंह के घर में प्रवेश करते हुए कहा कि तुम्हारे घर की बीमारी कर्जा और सारी तकलीफें इसलिए हैं क्योंकि तुम्हारे घर में शैतान का वास है। नर्मदा ने युवराज के घर में रखे देवी-देवताओं के फोटो देखकर उन्हें हटाने की बात कही और कहा कि यदि इन्हें नहीं हटाओगे तो घर में और ज्यादा परेशानी बढ़ेगी। इसके साथ ही नर्मदा ने युवराज को अपने धर्म को न मानकर इसाई धर्म अपनाने के लिए कहा और कहा कि ऐसा करने से उसके परिवार की सारी समस्या दूर हो जाएगी।




**न्यायालय नायब तहसीलदार जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

करमंदी, दिनांक 13/10/2025 रा.प्र.क्र. 202510062800003/अ6अ/2024-25
ग्राम- करमंदी

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम करमंदी को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवकुमार पिता स्व. सियाराम जाति कंवर निवासी ग्राम पहंदा तहसील बरपाली जांजगीर जिला कोरबा (छ.ग.) हा.मु. करमंदी तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा ग्राम करमंदी प.ह.नं. 08 में अवस्थित भूमि खसरा नंबर 533/1 रकबा 0.233 हे. भूमि अवस्थित है उक्त भूमि को आवेदक के पिता सियाराम वल्द बुडगा ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से रामायण वगैरह पिता विशेषर से दिनांक 21.07.2010 को क्रय किया था। नामांतरण पंजी क्रमांक 15 आदेश दिनांक 28.03.2011 जिसमें आवेदक के पिता का नाम सियाराम वल्द बुडगा गौटिया दर्ज है। आवेदक के पिता के मृत्यु हो चुकी है। उपरोक्त भूमि को विक्रय पत्र एवं नामांतरण पंजी नामांतरण पंजी के आधार पर आवेदक के नाम पर रिकार्ड दुरूस्ती किये जाने बाबत् आवेदन पत्र पेश किया है।

आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 29/10/2025 को या उसके पूर्व न्यायलयीन समयावधि में उपस्थित होकर पेष कर सकते हैं बाद में प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार विमर्ष नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया है।

**नायब तहसीलदार**
**जांजगीर**

### मूल्यांकन को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी की नई गाइडलाइन

# स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम में जुड़ेंगे तिमाही-छमाही के अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अब प्रायमरी, मिडिल और हाई स्कूल की वार्षिक परीक्षा में तिमाही और छमाही परीक्षा के भी अंक जोड़े जाएंगे। स्कूल शिक्षा विभाग ने इसकी नई गाइड लाइन जारी की है जो शैक्षणिक सत्र 2025-26 से ही लागू की जा रही है लेकिन यह गाइडलाइन तिमाही और छमाही परीक्षा के संपन्न होने के बाद जारी किए जाने से परीक्षा में कम अंक पाने वाले छात्रों को वार्षिक परीक्षा में नुकसान उठाना पड़ सकता है। स्कूल शिक्षा विभाग की इस नई गाइड लाइन के अनुसार प्रायमरी, मिडिल और हाई स्कूल की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार की दृष्टि से मूल्यांकन प्रणाली में आंशिक परिवर्तन किया गया है।



इस परिवर्तन के अनुसार कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी और चौथी तथा छठवीं, सातवीं कक्षा के छात्रों को तिमाही और छमाही परीक्षा में मिले अंक अब इन कक्षाओं के वार्षिक परीक्षा परिणाम के अंक में जोड़े जाएंगे। इसके लिए भी विभाग के द्वारा अलग अलग अंक निर्धारित किये हैं।

**5वीं, 8वीं बोर्ड परीक्षा**

प्रायमरी स्कूल की कक्षा 5वीं और मिडिल स्कूल की कक्षा 8वीं बोर्ड परीक्षा होती है। पिछले वर्ष से इन दोनों कक्षाओं के लिए बोर्ड परीक्षा का नियम जारी किया गया है। इसलिए इन दोनों कक्षाओं के वार्षिक परीक्षा का परिणाम के संबंध में अभी तक पुराने निर्देश ही चल रहे हैं। तिमाही और छमाही परीक्षा के अंक को लेकर अभी तक स्कूल शिक्षा विभाग ने कोई निर्देश नहीं जारी किये हैं।



# 'कांतारा चैप्टर-1' का कलेक्शन पहुंचा 800 करोड़ रुपए के पार

**मुंबई।** कन्नड़ सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा चैप्टर-1' पिछले 25 दिनों से सिनेमाघरों की टिकट खिड़की पर कब्जा जमाए हुए है। पिछले हफ्तों में फिल्म की कमाई में किसी तरह की कोई गिरावट नहीं देखी गई है। इसी के साथ फिल्म ने लगातार कई बड़ी सुपरहिट फिल्मों के भी रिकॉर्ड तोड़े हैं। लेकिन अब ऋषभ शेट्टी की इस फिल्म ने इस साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर मूवी 'छावा' का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 'कांतारा चैप्टर-1' की कमाई का आंकड़ा अब 800 करोड़ के पार पहुंच गया है। रिपोर्ट के अनुसार, ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा चैप्टर-1' ने 25वें दिन 10 करोड़ का कलेक्शन किया है।

## लाइफ Style



# सोनल

## 'मिर्जापुर: द फिल्म' में एंट्री

'जन्नत' फेम अभिनेत्री सोनल चौहान की एंट्री 'मिर्जापुर: द फिल्म' में हो गई है। इसकी जानकारी मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए दी। सोनल ने भी टीम को थैंक्स कहते हुए एक पोस्ट किया है। अभिनेत्री सोनल चौहान को 'जन्नत' और 'आदिपुरुष' जैसी फिल्मों में काम करने के लिए जाना जाता है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सोनल अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक शानदार गिफ्ट हैंपर और प्रोडक्शन हाउस के एक नोट की झलक दिखाई। नोट में जानकारी दी गई है कि सोनल अब मिर्जापुर फिल्म का हिस्सा हैं। इस नोट में लिखा है, प्रिय सोनल, हम आपको 'मिर्जापुर' की टीम में पाकर बहुत उत्साहित हैं। हम पर्दे पर आपके अभिनय का जादू को देखने के लिए बेताब हैं। सोनल ने अपनी पोस्ट में लिखा, मैं मिर्जापुरः द फिल्म' में शामिल होने के लिए बेहद उत्साहित हूं। इस टीम का हिस्सा बनकर बहुत खुशी हुई और मैं आप सभी को यह देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही हूं कि हम पर्दे पर क्या-क्या दिखाने वाले हैं। इस आइकॉनिक फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनाने के लिए आप सभी का धन्यवाद।" सोनल ने कैप्शन में लिखा, यकीन नहीं हो रहा है। इतने अविश्वसनीय और बदलावकारी सफर का हिस्सा बनकर बहुत खुशी हो रही है। इस फिल्म की शूटिंग वाराणसी में शुरू हो चुकी है। इस फिल्म में अली फजल एक बॉडी बिल्डर के रूप में दिखाई देंगे, इसके लिए उन्होंने जमकर ट्रेनिंग भी ली है। क्राइम-थ्रिलर फिल्म 'मिर्जापुर' में गद्दी के लिए लड़ते बाहुबलियों की दुनिया को दिखाया जाएगा। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी।

## हॉलीवुड मसाला



# बुगोनिया के प्रीमियर में बिखेरा जलवा

**न्यूयॉर्क।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री और ऑस्कर विजेता एमा स्टोन एक बार फिर अपने ग्लैमरस अंदाज़ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी नई फिल्म 'बुगोनिया' के न्यूयॉर्क प्रीमियर में शिरकत की, जहां उनका स्टाइल और लुक चर्चा का विषय बना रहा। अब इस दौरान की उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। यह प्रीमियर न्यूयॉर्क सिटी के म्यूज़ियम ऑफ मॉडर्न आर्ट में होस्ट किया गया, जहां एमा स्टोन अपने को-स्टार्स जेसी प्लेमन्स, एलिसिया सिल्वरस्टोन और लिली शीन के साथ रेड कार्पेट पर नजर आईं।



# जो जोनस ने तलाक पर तोड़ी चुप्पी...

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड सिंगर जो जोनस ने आखिरकार तलाक पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। वो और उनकी वाइफ सोफी टर्नर का रिश्ता टूट चुका है। जो जोनस ने कहा, 'तलाक मुश्किल होता है। ये किसी के लिए भी आसान नहीं होता। लोग बहुत जल्दी अनुमान लगा लेते हैं। जो ने आगे कहा, 'लोग बहुत सी परिस्थितियों से गुजर रहे हैं और यह फैक्ट कि मैं परफॉर्म करने जा सकता हूं और लोगों को कुछ महसूस करा सकता हूं और शायद उनका ध्यान उन परिस्थितियों से हटा सकता हूं जिनसे वे गुजर रहे हैं, या उनके तलाक से, दो घंटे के लिए जब वे एक म्यूजिक कॉन्सर्ट देखने आते हैं, इससे मुझे बहुत उद्देश्य मिला।' सिंगर ने खुलासा किया कि वो अपने बच्चों के लिए कुछ भी कर सकते हैं, यहां तक कि अपनी को-पैरेंट सोफी के साथ रिश्ता भी बना सकते हैं।



# 7 को स्ट्रीम होगी हुमा की महारानी-4

**मुंबई।** महारानी' सबसे लोकप्रिय राजनीतिक ड्रामा सीरीज में से एक है, जिसमें हुमा कुरैशी रानी भारती की भूमिका में फिर से धमाका करने वाली है। तीन सीजन की लोकप्रियता और सफलता के बाद यह सीरीज अपने चौथे सीजन के साथ धमाकेदार वापसी के लिए तैयार है। 'महारानी 4' की घोषणा पहले ही कर दी गई थी और 9 अक्टूबर को निर्माताओं ने इसके ओटीटी प्रीमियर की तारीख के साथ ट्रेलर भी जारी कर दिया था। यह सीरीज 7 नवंबर को सोनी लिव पर रिलीज होने वाली है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने एक्स पर सीरीज का ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, 'शेरनी अपने घर की रक्षा के लिए लौटी! रानी अपनी अब तक की सबसे बड़ी लड़ाई के लिए तैयार। #महारानी4 7 नवंबर से सिर्फ सोनी लिव पर स्ट्रीमिंग।'



# 'मस्ती-4' का पोस्टर आउट आज ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की कल्ट कॉमेडी फ्रेंचाइज़ी 'मस्ती' की वापसी को लेकर दर्शकों में उत्साह चरम पर है। विशेष रूप से जैसे ही 28 अक्टूबर रिलीज होने जा रही 'मस्ती 4' की ट्रेलर रिलीज की डेट सामने आई है, दर्शक और ज़्यादा उत्साहित हो गए हैं और इसी उत्साह को देखते हुए वेवबाउंड प्रोडक्शन ने कलरफुल और एनर्जी से भरपूर एनसेंबल पोस्टर रिलीज कर उनके उत्साह को और भी हाई कर दिया है। यह पोस्टर फिल्म के मस्त, मज़ेदार और ओवर-द-टॉप अंदाज़ को पूरी तरह दर्शाता है। मिलाप मिलन ज़वेरी की ओर से लिखित और निर्देशित 'मस्ती 4' में वापसी कर रही है, रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदासानी की वही आइकॉनिक तिकड़ी, जो दोबारा अमर, मीत और प्रेम के अपने पॉपुलर किरदारों में नजर आएंगे।

## टीवी मसाला

# जय भानुशाली और माही विज ने दी तलाक की अर्जी

**मुंबई।** टीवी के पावर कपल कहे जाने वाले एक्टर जय भानुशाली और माही विज एक बार फिर से सुर्खियों में छाए हुए हैं। दरअसल, एक बार फिर से जय भानुशाली और माही विज के तलाक की खबरें आने लगी हैं। खबर है कि जय भानुशाली और माही विज अब अपने 14 साल पुराने शादी के रिश्ते को तोड़ना चाहते हैं। हालांकि, अभी तक इनके तलाक को लेकर कोई कंफर्म रिपोर्ट सामने नहीं आई है, लेकिन सोशल मीडिया पर खबर है कि इन दोनों एक्टर्स ने कोर्ट में तलाक की अर्जी दे दी है। बताया जा रहा है कि जय भानुशाली और माही विज शादी के 14 साल बाद अलग होने के लिए कोर्ट में तलाक की अर्जी दे दी है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, जय और माही ने इसी साल जुलाई-अगस्त महीने में अपने तलाक के पेपर्स पर साइन कर दिए थे। इसके अलावा, दोनों काफी टाइम से अलग-अलग रह रहे हैं। तलाक के साथ-साथ बच्चों की कस्टडी को लेकर भी फैसला हो चुका है। बता दें कि जय भानुशाली और माही विज की शादी साल 2011 में हुई थी।



# छठ पर पवन सिंह के गाने ने मचाया तहलका, 2 दिन में व्यूज मिलियन्स के पार

*छठ का पावन पर्व देशभर में सेलिब्रेट किया जा रहा है, बिहार में इस पर्व का खास महत्व रहता है। भोजपुरी इंडस्ट्री हर साल कई गाने छठ पर्व के मौके पर रिलीज करती है। पवन सिंह ने छठ के मौके पर व्यस्त होने के बावजूद कई गाने बनाए हैं।*

**मुंबई।** हाल ही में आपने 'घाट चलले मोदी नीतीश' सुना और अब उनका एक और गाना यूट्यूब के ट्रेंडिंग लिस्ट में अपनी जगह बना चुका है। 25 अक्टूबर को रिलीज हुए पवन सिंह और प्रियंका सिंह के गाने- 'कवना कलमवाँ से लिखलऽ करमवाँ' को खूब सुना जा रहा है।

गाना यूट्यूब के म्यूजिक कैटेगरी में नंबर 1 पर ट्रेंड हो रहा है। गाने को दो दिन में 3.5 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं। 'कवना कलमवाँ से लिखलऽ करमवाँ' गाने को पवन सिंह के साथ प्रियंका सिंह ने भी गाया है। गाने के लिरिक्स अरुण बिहारी ने लिखे हैं। म्यूजिक दिया है प्रियांशु सिंह ने। गाने में पवन सिंह के साथ अभिनेत्री वंदना यादव नजर आ रही हैं। गाने को गोल्डी जायसवाल ने डायरेक्ट किया है। वहीं कोरियोग्राफ किया है सनी सोनकर ने।



# खूबसूरती ने चुराया सबका ध्यान

**मुंबई** । कभी-कभी कोई रेड कार्पेट लम्हा सिर्फ़ फैशन तक सीमित नहीं रहता वो बन जाता है एक अभिव्यक्ति, व्यक्तित्व और शांत शक्ति का प्रतीक। ऐसा ही कुछ हुआ जब कशिका कपूर 'पिच टू गेट रिच' की स्क्रीनिंग पर पहुंचीं, जो एक साधारण पापाराज़ी मोमेंट के रूप में शुरू हुआ था, वह कुछ ही पलों में वायरल संसेशन बन गया। फैन्स और मीडिया दोनों उनकी शालीनता और स्वाभाविक आकर्षण से मंत्रमुग्ध रह गए। अब वायरल हो चुके वीडियो में कशिका अपने सिग्नेचर स्टाइल में रेड कार्पेट पर चलती नजर आती हैं वो भी आत्मविश्वास से भरी हुई, लेकिन बिना किसी दिखावे के। न कोई ओवर-ड्रामैटिक अंदाज़, न कोई बनावट,



बस एक शांत आभा, जो बिना कोशिश के ही सबका ध्यान खींच लेती है। इंटरनेट जहां उनके पेस्टल मिंट आउटफिट की तारीफ़ कर रहा था, वहीं यह साफ़ दिख रहा था कि बात सिर्फ़ कपड़ों की नहीं थी बल्कि उनकी मौजूदगी की थी। कशिका ने खुद को उस शख्सियत के रूप में पेश किया, जो जानती हैं कि वो कौन हैं और कहां जा रही हैं।

# काम को घंटों के हिसाब से नहीं देखतीं रश्मिका



**मुंबई।** फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' से जुड़े एक इवेंट में बोलते हुए निर्माता एसकेएन ने काम के घंटों की मांग न करने के लिए रश्मिका मंदाना की तारीफ की। इस दौरान उन्होंने दीपिका पादुकोण के मुद्दे जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे समय में जब इस बात पर बहस चल रही है कि कितने घंटे काम करना चाहिए, पूरे भारत में केवल एक ही अभिनेत्री है जो जितने घंटे काम करने की जरूरत हो, करने को तैयार है। रश्मिका काम को घंटों के लिहाज से नहीं, बल्कि प्यार से देखती हैं। उनकी प्रतिबद्धता समय की पाबंदी पर है, न कि किसी सीमा पर। यही वजह है कि सभी को लगता है कि रश्मिका परिवार का हिस्सा हैं। रश्मिका के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी हालिया रिलीज 'थामा' इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। इसके अलावा वो जल्द ही 'द गर्लफ्रेंड' में नजर आएंगी। साथ ही रश्मिका शाहिद कपूर और कृति सेनन के साथ 'कॉकटेल 2' की भी शूटिंग कर रही हैं। 'द गर्लफ्रेंड' 7 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।

## 1961 में बनी फिल्म 'भैया' में छठ पूजा को बड़े परदे पर जगह दी थी

# छठ पूजा पर 65 साल पहले बनी थी पहली फिल्म, पूरे देश ने जाना पर्व का महत्व

***मुंबई।*** *लोकआस्था के महापर्व छठ को लेकर देश में छठी मैया के गीत गूंज रहे हैं, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। देश छठी माई के गीतों से सुवासित और गुलजार हो उठा है। आज हम आपको उस फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं जो 60 साल पहले, छठ पूजा को बड़े पर्दे पर लेकर आई थी। उस दौर में हिंदी फिल्मों में लोक आस्था और क्षेत्रीय पर्वों को बहुत कम दिखाया जाता था। मगर 1961 में बनी फिल्म 'भैया' ने इस परंपरा को तोड़ा और बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान छठ पूजा को बड़े परदे पर जगह दी। फिल्म में दिखाया गया था कि किस तरह महिलाएं सूर्य भगवान की उपासना करती हैं, सूर्यास्त और सूर्योदय के समय अर्घ्य देती हैं और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए कठोर व्रत रखती हैं। यह पहली बार था जब दर्शकों ने सिनेमा में छठ घाट, पूजा गीत और लोक परंपरा को असली रूप में देखा था।*

### फिल्म ने दिए कई पॉपुलर गीत

फिल्म के जरिए यह संदेश दिया गया कि छठ पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति और सूर्य के प्रति कृतज्ञता का पर्व है। फिल्म 'भैया' ने न सिर्फ एक मनोरंजक कहानी सुनाई, बल्कि भारतीय सिनेमा में छठ पूजा की सांस्कृतिक झलक को हमेशा के लिए दर्ज कर दिया। इसीलिए इसे छठ पूजा को पहली बार परदे पर दिखाने वाली फिल्म कहा जाता है। इस फिल्म के बाद कई फिल्मों और टीवी सीरियलों ने छठ पूजा को अपनी कहानी में शामिल किया। 'भैया' को बिहार-उत्तर प्रदेश के रीजनल लैंग्वेज सिनेमा में महत्वपूर्ण फिल्म माना जाता है। 'लगल करेजवा में', 'पूरब पच्छिमवा से अइलें सोन दुलहा' और 'भंवरवा रहे गूंजराय' जैसे कई पॉपुलर गाने तो इस फिल्म ने दिए ही।



### मंगल गीतों की ध्वनि से बदल जाता है वातावरण

सूर्य की उपासना का पावन पर्व 'छठ' अपने धार्मिक, पारंपरिक और लोक महत्व के साथ ही लोकगीतों की वजह से भी जाना जाता है। घाटों पर 'छठी मैया की जय, जल्दी जल्दी उगी हे सूरज देव..', 'कईली बरतिया तोहार हे छठी मैया..' 'दर्शन दीहीं हे आदित देव..', 'कौन दिन उगी छई हे दीनानाथ..' जैसे गीत सुनाई पड़ते हैं। मंगल गीतों की ध्वनि से वातावरण श्रद्धा और भक्ति से गुंजायमान हो उठता है। इन गीतों की पारम्परिक धुन इतनी मधुर है की जिसे भोजपुरी बोली समझ में न भी आती हो तो भी गीत सुंदर लगता है।

### हर घर में सुनाई देते हैं छठ के गीत

छठ गीतों के बिना मानो पर्व में रंग ही नहीं आता है। जिन घरों में छठ पर्व का आयोजन किया गया उन घरों से तो गीतों की आवाज आ ही रही है इसके अलावा, जिस रास्ते से गुजरें आपको विभिन्न लोक गायकों की आवाज से सजे ऐसे गीत सुनने को मिल जाएंगे। इन गानों का संयोजन और संकलन छठ महापर्व के लिए ही किया जाता है। छठ गीतों से जुड़ी एक रोचक बात ये है कि ये एक ही लय में गाए जाते हैं। 'छठ पूजा' के लोकगीतों की चर्चा होते ही सबसे पहले दिवंतत शारदा सिन्हा का नाम जेहन में आता है। ऐसे कई गीत हैं, जिन्हें शारदा सिन्हा ने अपनी अपनी मधुर आवाज देकर अमर कर दिया है।

खबर संक्षेप

## बिना अनुमति चंगाई सभा की तैयारी, मौके पर पहुंची पुलिस



**मालखरौदा।** ब्लॉक मुख्यालय के बस्ती अंदर एक घर में चंगाई सभा करने की थी तैयारी चल रही है। इसकी लिखित शिकायत हिंदू संगठन द्वारा पुलिस थाने में किए जाने पर पुलिस मौके पर पहुंच कर आयोजनकर्ता को बिना अनुमति चंगाई सभा प्रार्थना नहीं किए जाने का समझाइए दी गई। जिसके उपरांत उक्त कार्यक्रम को स्थगित किया गया। हालांकि इसको लेकर हिंदू संगठनों में भारी आक्रोश देखा गया। वही संबंध में थाना प्रभारी प्रवीण राजपूत का कहना था कि आयोजनकर्ता को बिना अनुमति चंगाई सभा नहीं करने का समझाइए दी गई।

## संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा 2 से, बहेगी राधाकृष्ण की रसधारा

**पामगढ़।** नगर पंचायत पामगढ़ में तंबोली परिवार द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ 2 नवंबर को कलशयात्रा के साथ होने जा रहा है। कथावाचक आचार्य पं दिलीप कुमार पाण्डेय होंगे। कथा पंजाब नेशनल बैंक के पास दोपहर तीन बजे से प्रारंभ होगी। कथा प्रसंग में 2 नवंबर को भव्य कलशयात्रा शोभायात्रा निकाली जाएगी एवं वेदी पूजन,3 को भागवत कथा महात्म्य, परीक्षीत चरित्र,4 ध्रुव चरित्र, कपिल देवहुति सत्संग,5 जड़ भरत , प्रहलाद चरित्र,6 को गजेन्द्र मोक्ष,समुद्र मंथन, वामनावतार रामावतार श्रीकृष्ण जन्मोत्सव नंदोउत्सव,7 को श्रीकृष्ण बाल लीला गोवर्धन पूजा,8 को श्रीकृष्ण रूख्मणी मंगल विवाहोत्सव,9 को सुदामा चरित्र परीक्षीत मोक्ष, चढ़ोत्तरी कथा विश्राम, 10 को यज्ञ हवन पूर्णाहुति सहस्त्रधारा ब्राह्मण भोज के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का समापन होगा। आयोजन को लेकर अर्जून लाल तंबोली, श्रीमती सरस्वती तंबोली,दिलहरण, जीवन, केशर, रवि, प्रकाश, चंद्रशेखर, मुकेश, जगदीश थवाईत सहित तंबोली परिवार व शुभचिंतक स्नेहीजन जुटे हुए हैं।

## सिलादेही में श्याम कार्तिक मेला महोत्सव का आयोजन 5 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम सिलादेही में 5 नवंबर दिन बुधवार से हसदेव नदी के किनारे में पांच दिवसीय श्याम कार्तिक मेला महोत्सव का आयोजन रखा गया है। इस संबंध में समाज सेवक छबि पटेल ने बताया कि मेला महोत्सव का आयोजन 5 नवंबर दिन बुधवार से रखा गया है। मेला उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती कमलेश जांगड़े सांसद जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र, कार्यक्रम के अध्यक्षता गगन जयपुरिया उपाध्यक्ष जिला पंचायत जांजगीर चांपा और विशिष्ट अतिथि के रूप में गोपी सिंह क्षत्रिय उपाध्यक्ष भाजपा जिला सक्ती ,आशीष तिवारी भाजपा मंडल अध्यक्ष बम्हनीडीह, श्रीमती मनीषा चौहान अध्यक्ष जनपद पंचायत बम्हनीडीह आदि होंगे। श्याम कार्तिक मेला महोत्सव का समापन 9 नवंबर दिन रविवार को होगा। आयोजन की तैयारी

## एक दिवसीय जिला स्तरीय नेत्र रोग व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 5 को

**सक्ती।** शहर के गौरव पथ मार्ग पर स्थित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार सामुदायिक भवन में एक दिवसीय जिला स्तरीय नेत्र रोग निदान, मोतियाबिंद जांच एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन बुधवार 5 नवंबर को रखा गया है। मुख्य अतिथि के रूप में जांजगीर लोकसभा की सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, अध्यक्षता नगर पालिका सक्ती के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल करेंगे। उपरोक्त शिविर में एमजीएम हॉस्पिटल रायपुर छत्तीसगढ़ एवं अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे तो वहीं यह शिविर 5 नवंबर को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा उपरोक्त जानकारी देते हुए आयोजक परिवार के सदस्य राजकुमार अग्रवाल राजू, रितेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल एवं खरकिया परिवार सक्ती के सदस्यों ने बताया कि शिविर में अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के डॉक्टर अमोल पड़ेगांवकर, डॉ योगेश कोटवानी,डॉ. मंदार गोकटे एवं डॉक्टर आकाश गर्ग,दंत चिकित्सा के विशेषज्ञ आशुतोष जायसवाल,, आयुर्वेदिक स्पेशलिस्ट डॉक्टर उत्तम गबेल अपनी सेवाएं देंगे तथा संबंधित व्यक्ति इस शिविर का लाभ लेने के लिए अपना अग्रिम पंजीयन करवा सकते हैं।

## निधन

### कृष्णों राम खरे

**पामगढ़।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं नोटरी मनोज खरे के पिता कृष्णों राम खरे का 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 28 अक्टूबर मंगलवार को सुबह 10 बजे चामुंडा मंदिर परिसर नया तालाब में किया गया। वे अपने पीछे तीन पुत्रों एवं दो पुत्रियों का भरा पूरा परिवार रोता हुआ छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन सहित नगर वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए ।



### ईश्वर जायसवाल

**पामगढ़।** ग्राम चंडीपारा के प्रतिष्ठित नागरिक ईश्वर जायसवाल का 69 वर्ष की उम्र में निधन सोमवार को हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र एवं एक पुत्री का भरा पूरा परिवार रोता हुआ छोड़ गए । मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र उमेश जायसवाल ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन स्वजातीय बंधु सहित ग्राम वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए ।



### हसदेव तट पर छठ घाट, डोंगाघाट व तालाबों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ पर्व का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

छठ पूजा का समापन मंगलवार 28 अक्टूबर को सुबह 6.10 बजे उदित होते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ हुआ। नगर में बड़ी संख्या में छठव्रतियों ने छठ घाट सहित डोंगाघाट और तालाबों में खड़े होकर सूर्यदेव तथा छठी मइया की पूजा-अर्चना की।

लोक आस्था के महापर्व छठ की शनिवार 25 अक्टूबर को नहाय-खाय के साथ हुई। पहले दिन छठव्रतियों ने पवित्र स्नान कर सात्विक भोजन ग्रहण किया। पर्व के दूसरे दिन रविवार 26 अक्टूबर को खरना के तहत व्रतियों ने पूरे दिन निर्जला उपवास के बाद शाम को गुड़-चांवल की खीर और रोटी का प्रसाद ग्रहण किया। पर्व के तीसरे दिन सोमवार 27 अक्टूबर को छठव्रतियों ने सूर्यास्त के समय जल में खड़े होकर सूर्यदेव को पहला अर्घ्य दिया। पर्व के चौथे और अंतिम दिन मंगलवार 28 अक्टूबर की सुबह उदित होते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठव्रतियों ने व्रत का पारण कर पर्व का समापन किया। इस मौके पर छठ घाट सहित डोंगाघाट में प्रशासन सहित भोजपुरी समाज द्वारा विशेष इंतजाम किये गये। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय स्वयं पुलिस बल के साथ छठ घाट एवं डोंगाघाट का निरीक्षण करने पहुंचे। पर्व के अंतिम दिन जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप, पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, अग्रवाल सेवा संघ के पूर्व अध्यक्ष कमल मोदी छठव्रतियों को शुभकामनाएं प्रदान करने छठघाट पहुंचे। यहां उन्होंने छठव्रतियो को प्रसाद भी वितरित किया। इस मौके पर भोजपुरी समाज की जिला इकाई के संस्थापक अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष सुशील सिंह के अलावा प्रमुख रूप से विनय दास, एस.पी.सिंह, संतोष सिंह, राजकुमार सरोज, विनोद सिंह, रविन्द्र सिंह, रंजय सिंह, शिवशंकर -हजया, सिद्धांत सिंह, दिनेश, कैलाश पाण्डेय, व्ही.एन. सिंह, सभाशंकर पाण्डेय, घनश्याम शुक्ला, धनंजय मिश्रा, राजेश्वर मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भोजपुरी समाज की महिलाएं, युवतियां व बच्चे उपस्थित थे।



छठ घाट में उदित होते सूर्य को अर्घ्य देते छठव्रती

## उगते सूर्य को अर्घ्य देने साथ संपन्न हुई छठ पूजा, व्रतियों ने की सुख-समृद्धि की कामना



**अकलतरा।** छठ पूजा के अंतिम दिन नगर के सीसीआई मन्दिर एवं रामसागर तालाब पर व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। इसी के साथ महापर्व छठ का समापन हो गया। चार दिवसीय छठ पूजा के चौथे दिन शुक्रवार सुबह उदय होते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए सुबह चार बजे से ही सीसीआई स्थित पंचदेव मन्दिर एवं रामसागर तालाब पर व्रती महिलाओं की बड़ी संख्या में भीड़ जुटने लगी। यहां पूजा-पाठ के लिए महिलाएं पारंपरिक वेषभूषा में अपने परिवार के साथ पहुंचीं। व्रती महिलाओं ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर छठ पूजा का व्रत संपन्न किया। इस दौरान पारंपरिक छठ गीतों...मारबउ रे सुगवा धनुष से... कांच ही बांस के बहंगिया बहंगी लचकत जाए...से माहौल भक्तिमय बना रहा। नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति रोहित सारथी ने कहा कि हर साल कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को यह छठ का पर्व मनाया जाता है। इस छठ के व्रत को संतान की लंबी आयु, पति के स्वस्थ जीवन और घर-परिवार के सुख-सौभाग्य की कामना के लिए रखा जाता है। नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह राणाने कहा कि यह महापर्व चार दिनों तक मनाया जाने वाला ये पर्व हिन्दू लोक आस्था से जुड़ा एक बड़ा पर्व है। इसे महापर्व का दर्जा दिया गया है। छठ का व्रत सबसे कठिन व्रतों में से एक है। इस दौरान व्रती 36 घंटे से भी ज्यादा समय के लिए निर्जला व्रत करके छठी मईया और भगवान सूर्य की उपासना करते हैं।उन्होंने कहा की उनका भी सौभाग्य है की आज छठ माता का पूजन करने का सौभाग्य मिला। रामसागर तालाब में श्री छठ सेवा समिति के सदस्य पार्षद सुनीता आशीष प्रसाद ,रेशु तिवारी राजेश्वर मरकाम, रजनी सत्तू साहू ,रोहित सारथी ,सुनीता सिंह एवं पंचदेव मंदिर सीसीआई में अविनाश सिंह, रंजन सिंह सहित श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## छठ महापर्व कैमरे की नजर में ...



जांजगीर नैला में चौथे दिन सुबह पूजा करने पहुंची व्रती महिलाएं।



छठ घाट जाते श्रद्धालु।



छठ घाठ में सपत्नीक पूजा करने पहुंचे पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल व श्रद्धालुजन

## 6 पंचायतों में मुक्तिधाम निर्माण व 7 पंचायतों में पीडीएस गोदाम निर्माण के लिए 1 करोड़ की राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में 6 ग्राम पंचायतों में मुक्तिधाम निर्माण एवं 7 ग्राम पंचायतो में शासकीय उचित मूल्य की दुकान सह गोदाम निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कराई गई।

विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह के प्रयासों से अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत खिसोरा, पोड़ीदलहा, कापन (खपरीडीह), परसाही (बाना) , मुरलीडीह एवं बोकरामुड़ा में मुक्तिधाम सह प्रतीक्षालय निर्माण के लिए 3 -3 लाख रुपये की स्वीकृति एवं ग्राम पंचायत सांकर, कापन, झपेली,ढोरला, खिसोरा, महुदा एवं नवापारा में शासकीय उचित मूल्य की दुकान सहगोदाम निर्माण कार्य के लिए 10 लाख -10 लाख रुपये कुल 1 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों की स्वीकृति अभिसरण मद से दिलाई गई है। विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में मुक्तिधाम का अभाव होने से गांव के लोगों को बरसात के मौसम में खुले आसमान के नीचे अंतिम संस्कार करने के साथ परेशानियों का सामना करना पड़ता था। मुक्तिधाम का निर्माण कार्य होने से गांव के लोगों को सुविधा मिलेगी, शासकीय उचित मूल्य की दुकान सहगोदाम का निर्माण कार्य होने से गांव के लोगों को प्रतिमाह उचित मूल्य का राशन आसानी से उपलब्ध होने के साथ राशन वितरण करने वाले लोगों को भंडारण करने में भी सुविधा मिलेगी। राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत करवाने के साथ विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। विधायक की नवीन पहल सामान्य तौर पर हर विधायक अपने निधि का उपयोग सांस्कृतिक मंच, सीसी रोड, सामुदायिक भवन जैसे कार्यों को कराने में करते है किन्तु अकलतरा विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने ज्यादा से ज्यादा काम कराने के लिए अपनी निधि को मनरेगा से अभिसरण करके काम स्वीकृत करा रहे है। जिसका क्षेत्रवासियों को लाभ मिल रहा है।

## कच्ची महुआ शराब बिक्री करने के मामले में 2 महिला गिरफ्तार

**अकलतरा।** अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया। इस दौरान आरोपी हेमलता राही निवासी स्टेशन पारा कोटमीसोनार के कब्जे से 8 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं शिवकुमारी भारद्वाज निवासी बरगवां थाना अकलतरा के कब्जे से 6 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 2800 रुपए बरामद कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी अकलतरा एवं एएसआई राजेंद्र सिंह क्षत्रिय प्रभारी सहायता केंद्र प्रभारी कोटमीसोनार का योगदान रहा।



## बदमाशों पर कार्रवाई को लेकर शिवसेना ने टीआई को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शिवसेना के द्वारा बदमाशों पर कार्यवाही की मांग को लेकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया है। साथ ही ऐसे लोगों पर कडी कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञात हो कि शिवसेना जिला अध्यक्ष दिलेश्वर विश्वकर्मा के नेतृत्व में नेशनल हाईवे में गाड़ी को रोक कर जबरदस्ती पेट्रोल डीजल निकालने एवं पैसों की मांग करने वाले गुंडा बदमाशों पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग को लेकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया। दिलेश्वर विश्वकर्मा ने बताया कि अकलतरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत रात को फोरलेन पर रसेडा से तिलई के बीच गुंडा बदमाशों के द्वारा गाड़ी को रोक कर जबरन डीजल पेट्रोल निकाल लिया जाता है। इसके साथ ही चाकू , पिस्टल दिखाकर जानसे मारने की धमकी देते हुए पैसा लूट लिया जाता है। ऐसे लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग, रात को पुलिस पेट्रोलिंग करने एवं अपराधियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने हेतु थाना प्रभारी ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में दिलेश्वर विश्वकर्मा शिवसेना जिला अध्यक्ष, रामावतार कश्यप जिला महासचिव शगुन यादव महिला सेना जिला अध्यक्ष कविता धीवर महिला सेना जिला अध्यक्ष ग्रामीण दीपक यादव युवासेना जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण नायक किसान सेना जिला अध्यक्ष किशन यादव ड्राइवर सेना जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा मुंशी संघ जिला अध्यक्ष संतोष सारथी जिला उपाध्यक्ष गीतेश यादव, पामगढ़ विधानसभा उपाध्यक्ष गोपी यादव, पामगढ़ विधानसभा उपाध्यक्ष अरमान शर्मा जांजगीर नगर अध्यक्ष बहादुर रजक चांपा नगर अध्यक्ष अक्षय कुमार हेमलता सोनी महिला सेना जिला उपाध्यक्ष, सुमन धीवर, दीपा मरावी जिला सचिव रिया कंवर ब्लॉक सचिव एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



टीआई को ज्ञापन सौंपने पहुंचे शिवसेना के पदाधिकारी।

## प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी विवि में हर्षोल्लास के साथ मना दीपावली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय खरौद ओम शांति भवन जरहा पारा में हर्षोल्लास के साथ दीपावली मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन लक्ष्मी, नारायण की चैतन्य झांकी की आरती कर किया गया।

सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी मंजु ने दिवाली एवं भाई दूज का आध्यत्मिक अर्थ बताते हुए कहा कि हमारा भारत देश त्यौहारों, पर्वों का देश है, हमारी सनातन संस्कृति में हर त्यौहार के द्वारा भगवान को याद कर पूजा अर्चना कर धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। उन्होंने आगे बताया कि हम सब दिवाली के पहले अपने घरों की साफ सफाई करते हैं फिर दीप जलाकर श्री लक्ष्मी जी का आह्वान करते हैं। वास्तव में परमपिता परमात्मा की याद द्वारा मन की सफाई, ज्ञानमृत द्वारा बुद्धि की शुद्धि और स्वयं को एक आत्मा मानते हुए दृष्टि तथा वृत्ति की पवित्रता। उन्होंने बताया कि परमपिता परमात्मा की संतान हम सब आत्मा रूप में भाई भाई है और आत्मा भाई के रूप में सबको आत्म स्मृति का तिलक लगाकर मीठे बोल रूपी मिठाई खिलाना ही जीयदान देना है। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद यादव, पूर्व अध्यक्ष सुबोध शुक्ला, भगवताचार्य ओम प्रकाश शर्मा, पूर्व पार्षद शरद शर्मा, पार्षद नेहरू राही, पार्षद सुश्री नीलम यादव, पार्षद श्रीमति मंगलीबाई देवांगन आदि ने सेवाकेंद्र में होने वाले प्रत्येक कार्य की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किए। बीके मंजु दीदी, बीके चंद्रकांता बहन ने सभी भाइयों को तिलक लगाकर पगड़ी, बैच व ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बीके अनिता बहन, कविता बहन, बीनू बहन, माधुरी बहन, सरस्वती बहन इशिका बहन, तेजस्विनी बहन, रामकृष्ण भाई, तोमन भाई,धनसाय भाई, कृष्णबिहारी भाई, शिव भाई, भूपेश्वर भाई आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में केक कटिंग कर सबको दिवाली व भाई दूज की बधाई देकर प्रसाद वितरण किया गया।



## तुर्रीधाम से सामुदायिक भवन सक्ती तक यूनिटी मार्च पदयात्रा का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री, भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले यूनिटी मार्च की तैयारियों को लेकर लोकसभा क्षेत्र सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में यूनिटी मार्च के आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की विस्तार से चर्चा की गई और सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने बताया कि सक्ती जिले में तुर्रीधाम से सामुदायिक भवन सक्ती तक यूनिटी मार्च पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यूनिटी मार्च का आयोजन 9 नवंबर को धार्मिक स्थल तुर्रीधाम से सुबह 9 बजे शुभारंभ किया जाएगा। लोकसभा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कहा कि लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाला यूनिटी मार्च बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के दौरान आमजन को सरदार पटेल के देशभक्ति और उनके योगदान से स्कूली बच्चों, ग्रामीणों और आमजन सहित सभी वर्ग को जागरूक करने के लिए विद्यालयों में निबंध कार्यक्रम, गांव गांव में नुक्कड़ नाटक सहित अन्य विभिन्न माध्यमों से जमीनी स्तर पर सरदार पटेल के योगदान का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। सांसद ने बताया कि यूनिटी मार्च पदयात्रा के दौरान रास्ते में पड़ने वाले सभी मंदिरों पर माल्यार्पण करते हुए पदयात्रा आगे बढ़ेगी। इसी क्रम में संबोधित करते हुवे जगन्नाथ पाणिग्रही ने बैठक में सरदार पटेल के देशभक्ति और विभिन्न संघर्षों के बारे में बताया। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने जिले में यूनिटी मार्च का सुव्यवस्थित आयोजन कराए जाने के लिए बैठक में उपस्थित सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को अपने अपने दायित्वों का बेहतर निर्वहन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने यूनिटी मार्च पदयात्रा में समाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधियो, एनजीओ, आमनागरिकों सहित सभी जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### कथा सुनने बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु

# रिंगनी में भव्य कलशयात्रा के साथ अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

ग्राम पंचायत रिगनी में भव्य कलश यात्रा के साथ अखण्ड नवधा रामायण का शुभारंभ खरौद ग्राम पंचायत रिगनी में रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ अखण्ड नवधा रामायण का शुभारंभ हुआ कलश यात्रा का प्रारंभ ग्राम के गुडी चौक से हुआ, जो बीच बस्ती, बाजार चौक, भाठापारा और ठाकुर देवता स्थल से होते हुए ग्राम के प्रमुख तालाब पहुंची।

यजमान फेंकुराम कश्यप सतरूपा कश्यप ने बेदी कलश में पवित्र जल भरकर रामायण स्थल तक पहुंचीं। विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत अखण्ड प्रथम पुरस्कार 5001, द्वितीय पुरस्कार 4001 तृतीय पुरस्कार 3001 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 2001, पंचम पुरस्कार 1501 एवं सील्ड षष्ठम पुरस्कार 1001 प्रदान कया जाएगा। फेंकुराम कश्यप एवं श्रीमती सतरूपा बाई कश्यप समिति पदाधिकारीगण अध्यक्ष तेरसराम कश्यप उपाध्यक्ष संतोष कश्यप सचिव दिनेश कश्यप कोषाध्यक्ष बहरतालाल कश्यप सह सचिव रम्हनलाल भैना ज्योति कलश मोहनलाल कश्यप, गोवर्धन कश्यप, सुन्दर कश्यप, बनवारी भैना मंच संचालनक धरमलाल कश्यप, विजय कुमार, दुलेश्वर प्रसाद, रविन्द्र भैना, बनवारी मैना, राजेश कश्यप, राजेन्द्र हेमलाल कश्य तैयारी में जुटे हुए है।



## भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ में शामिल हो रहे श्रद्धालु

**बिर्रा।** ग्राम बिर्रा के हृदय स्थल बस स्टैंड चौक पर कृष्णा होटल में कश्यप परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ का कलशयात्रा शोभायात्रा के साथ शुभारंभ किया गया। कथावाचक भागवत वक्ता आचार्य पं गीता प्रसाद तिवारी रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण करते हुए पहुंचे। कलशयात्रा कथा स्थल से चंडी देवी मंदिर, गरजना सरोवर में जल भरकर,मुख्य मार्ग,कंकालीन मंदिर, भाटापारा होते हुए कथा स्थल बस स्टैंड पहुंची। कलशयात्रा शोभायात्रा में महिलाएं और युवतियां सहित श्रद्धालू शामिल हुए। आगे की कथा में कपिल चरित्र देवहूति उपाख्यान, ध्रुव चरित्र, ॠषभदेव चरित्र, 29 को अजामिल कथा, प्रहलाद चरित्र, 30 को गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, मनुवंश वर्णन, रामावतार श्रीकृष्ण जन्मोत्सव नंदोउत्सव,31 को पुतना उद्धार,बाललीला, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, रूक्मणी मंगल विवाहोत्सव, 1 नवंबर को भगवान के अनन्य विवाह, सुदामा चरित्र 2 को श्रीकृष्ण उद्धव प्रसंग, भगवान का परमधाम गमन, परीक्षित मोक्ष, चढ़ोत्तरी, तुलसी विवाह,3 को विष्णु सहस्रनाम पाठ, तुलसी वर्षा यज्ञ हवन पूर्णाहुति सहस्त्रधारा ब्राह्मण भोज के साथ संपन्न होगा। आयोजन को लेकर मुख्य यजमान अवधबिहारी कश्यप,सहोदरा बाई कश्यप,स्व. गोविन्द राम कश्यप, राम बाई कश्यप, कृष्णपाल कश्यप, दुलौरीन बाई कश्यप, लोकेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।



